# अर्द्धवार्षिक परीक्षा वर्ष 2019—20

कक्षा—9वीं

विषय—हिन्दी विशिष्ट

समय— 3 घण्टे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक—100

निर्देश:—

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1—1 अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2—2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द।
4. प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3—3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4—4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 प्रश्न के लिए 5—5 अंक निर्धारित हैं।
7. प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3=10) 10 अंक निर्धारित हैं।

**प्रश्न 1 निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए—**　　　　(1x5=5)

1. वियोगी हरि विश्व मंदिर बनाना चाहते हैं—
   (i) श्रीलंका में　(ii) अमेरिका में　(iii) चीन में　(iv) भारत में
2. वर्णों के सार्थक योग को कहते हैं—
   (i) अक्षर　(ii) शब्द　(iii) पद　(iv) वाक्य
3. तरनि तनुजा तट तमाल, तरूवर बहु छाए में अलंकार है—
   (i) रूपक　(ii) उपमा　(iii) उत्प्रेक्षा　(iv) अनुप्रास
4. मेरा नया बचपन की कवयित्री हैं—
   (i) सुभद्रा कुमारी चौहान　(ii) मीराबाई　(iii) महादेवी वर्मा　(iv) सुजान
5. "ताऊजी हमें लेलगाडी ला दोगे" यह कथन था—
   (i) विश्वेश्वर का　(ii) मनोहर का　(iii) कविश्वर का　(iv) जीवन का

**प्रश्न 2 उचित शब्द का चयन कर रिक्त रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**　　　　(1x5=5)

1. मेघ शब्द का पर्यायवाची ................................ है। (जलज/जलद)
2. कौरव सेना के सेनानायक................................ थे। (भीष्म पितामह/अर्जुन)
3. छंद को पढते समय जहाँ रूका जाता है उसे ................................ कहते हैं। (यति/गति)
4. कबीरदास भक्तिकाल की .................... शाखा के कवि हैं। (ज्ञानाश्रयी/प्रेमाश्रयी)
5. 'एक कुत्ता और एक मैना' ................ विद्या है। (व्यंग्य/संस्मरण)

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए–** (1x5=5)

1. उधार कौन ले सकता है?
2. रामायण के रचयिता कौन है?
3. उपसर्ग किसे कहते हैं?
4. महाकाव्य की (कथावस्तु) कलेवर कैसा होता है?
5. रैदास की प्रभुभक्ति किस भाव की है?

**प्रश्न 4 निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए–** (1x5=5)

1. इन्द्र का पर्यायवाची सुरपति है।
2. बहू की विदा पाठ की विद्या एकांकी है।
3. तुलसीदास की रचना सुदामा चरित है।
4. निर्झर सदैव गतिशील रहता है।
5. चौपाई एक सम मात्रिक छंद है इसके प्रत्येक चरण में 16 मात्राएं होती है।

**प्रश्न 5 सही जोडी बानाइये–** (1x5=5)

| "अ" | "ब" |
|---|---|
| 1. नया वर्ष नया विहान | अ. जगदीश गुप्त |
| 2. वीर रस का स्थायी भाव | आ. अनपढ |
| 3. जो पढा लिखा न हो | इ. उत्साह |
| 4. सच है महज संघर्ष ही | ई. अमृत लाल बेगड |
| 5. कर्म कौशल | उ. कविता |
| | ऊ. निबंध |

**प्रश्न 6 तत्सम शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए–** अंक–2

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के तद्भव शब्द लिखिए–

(i) मृतिका (ii) अग्नि (iii) ग्राम (iv) मयूर

**प्रश्न 7 सूरज के विषय मे क्या अफवाह उडी थी?** अंक–2

अथवा

मेहमान ने पापड़ खाने के लिए क्या जुगत लगाई?

**प्रश्न 8 मीरा बाई को कौन सा रत्न प्राप्त हुआ था?** अंक–2

अथवा

रसखान कवि ने कौवे के भाग्य की सराहना क्यों की है?

**प्रश्न 9 सच्चे मित्र की क्या पहचान है?** अंक–2

अथवा

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

पैसा बोने के पीछे कवि का क्या स्वार्थ था?

प्रश्न 10 सुदामा द्वारा पोटली न दिये जाने पर कृष्ण ने कौन सी बातें याद दिलाई? अंक–2

अथवा

कवि वृन्द के अनुसार कौए और कोयल की पहचान कैसे होती है?

प्रश्न 11 कवि गिरिजाकुमार माथुर किस चक्र को नहीं रूकने देने की बात कह रहे हैं? अंक–2

अथवा

"हिन्दुस्तान हमारा है" से कवि का क्या आशय है?

प्रश्न 12 मोहन मयी कौन हो गई है? अंक–2

अथवा

घनानंद के अनुसार स्नेह का मार्ग कैसा है? और क्यों?

प्रश्न 13 रस की परिभाषा लिखकर रस के अंग भेदों के नाम लिखिए। अंक–2

अथवा

हिन्दी के कोई दो खण्डकाव्यों के नाम उनके रचनाकारों के नाम सहित लिखिए।

प्रश्न 14 किस कारण से मनुष्य स्वयं को कर्ता मानने लगता है? अंक–2

अथवा

हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ने मैना को कैसा पक्षी कहा है?

प्रश्न 15 चित्तौड़ का कुल दीपक कौन था ? अंक–2

अथवा

बहू की विदा एकांकी किस समस्या पर आधारित है?

प्रश्न 16 बेनी माधव सिंह के पिता ने गांव में क्या–क्या बनवाया था? अंक–2

अथवा

पूर्ण स्वस्थ्य होने के बाद ताई के हृदय में क्या परिवर्तन हुआ ?

प्रश्न 17 मुहावरा एवं लोकोक्ति में अंतर लिखिए/कोई तीन अंक–3

अथवा

निम्न लिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए/– कोई तीन

आस्तीन का साँप, पुस्तक का कीड़ा
ऊँट के मुँह में जीरा, पेट में चूहे दौड़ना

प्रश्न 18 पेड़–पौधे हमारे लिए किस प्रकार कायदे मंद है? कोई तीन फायदे लिखिए। अंक–3

अथवा

लक्ष्मण शास्त्री ने शिक्षक को बुलाकर क्या कहा ?

प्रश्न 19 श्लेष अलंकार को उदाहरण सहित लिखित। अंक–3

अथवा



https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

दोहा छंद में कितनी मात्राएँ होती हैं? एक उदाहरण लिखकर मात्राओं की गणना कीजिए।

**प्रश्न 20 वीर गाथा काल की कोई चार विशेषताएँ लिखिए ।** **अंक—4**

अथवा

भक्तिकाल की काव्य धाराओं को प्रवाह चित्र के द्वारा लिखिए एवं प्रत्येक काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि का नाम लिखिए ।

**प्रश्न 21 निबंध की परिभाषा एवं प्रकार लिखिए।** **अंक—4**

अथवा

कहानी एवं उपन्यास में अंतर लिखिए।

**प्रश्न 22 मीराबाई अथवा सुमित्रानंदन पंत जी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के अंतर्गत लिखिए—** **अंक—4**

(1) दो रचनाएँ
(2) भावपक्ष
(3) कलापक्ष
(4) साहित्य में स्थान

**प्रश्न 23 रामधारी सिहं दिनकर अथवा शरद जोशी जी का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के अंतर्गत लिखिए —** **अंक—4**

(1) दो रचनाएँ
(2) भाषा
(3) शैली
(4) साहित्य में स्थान

**प्रश्न 24 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।** **अंक—4**

है बिखेर देती वसुंधरा
मोती सबके सोने पर।
रवि बटोर लेता है उनको
सदा बसेरा होने पर।।

अथवा

काम, क्रोध,मद, लोभ सब, नाथ नरक के पंथ।
सब परिहरि रघुबीर ,भजहुँ, भजहिं जेहि संत।।

**प्रश्न 25 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—** **अंक—4**

इसमें वह कठोरता नहीं जो ताप सह सके,
जो इसमें अनेक प्रकार की कुत्सित दृष्टियों को झेलने के लिए अभेद्य कवच न हो साथ ही उसमें तीसरी आँख न हो।

अथवा

भावहीन दृष्टि की व्याकुलता जो कुछ समझती है,



https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

उसे समझा नहीं पाती और मुझे इस दृष्टि में मनुष्य का सच्चा परिचय समझा देती है।

**प्रश्न 26 निम्नलिखित अपठित गद्यांग को पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **अंक–5**

एकल परिवारों के चलन से मित्रता का महत्व और अधिक बढ़ा है संयुक्त परिवारों के अभाव में विपरीत परिस्थितियाँ मित्रता की मांग करती हैं। चूंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है अतः उसके सामाजिक विकास में मित्र की अहम भूमिका रहती है। परिचित तो बहुत होते हैं पर मित्र बहुत कम हो पाते हैं, क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है -परस्पर विश्वास।

**प्रश्न–**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. मित्रता का महत्व अब क्यों बढ़ गया है ?
3. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

**प्रश्न 27 अपने विद्यालय के प्राचार्य को स्थानांतरण प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र लिखिए–** **अंक–5**

**अथवा**

अपने छोटे भाई को उसके जन्म दिवस के अवसर पर बधाई पत्र लिखिए।

**प्रश्न 28 (अ) निम्नलिखित में से किसी विषय पर 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए– अंक–10**

1. विज्ञान के बढते चरण
2. पर्यावरण प्रदूषण कारण और निदान
3. मेरा प्रिय खेल
4. पुस्तकालय का महत्व
5. इक्कीसवीं सदी का भारत

**(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध की रूपरेखा लिखिए–**

1. समाचार पत्रों की उपयोगिता
2. जल का महत्व
3. राष्ट्रीय पर्व
4. दहेजप्रथा एक अभिशाप
5. कम्प्यूटर का महत्व

——00——

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com